शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# जीतो बेंगलूरु साऊथ को बेस्ट चेप्टर पुरस्कार

### जीतो केकेजी 2.0 कोंक्लेव का आयोजन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अपने उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन और सामुदायिक कार्यक्रमों में उल्लेखनीय सक्रियता व सहभागीता के लिए जीतो बंगलौर साऊथ को सराहना मिली है। गत दिनों जीतो केकेजी ज़ोन के कार्यक्रम में संस्था को अपने बेहतरीन कार्य परियोजनाओं के लिए सराहा गया । केकेजी 2.0 कोंक्लेव में जीतो के विविध चेप्टर्स को अपने कार्यप्रदर्शन के लिए सराहा गया , जिसमें शहर के दोनों चेप्टर्स यानी बंगलौर साऊथ और जीतो बंगलौर नोर्थ को सम्मिलित रूप से केकेजी क्षेत्र के श्रेष्ट चेप्टर्स के रूप में मान्यता प्राप्त हुई । जैन समाज के उत्थान को परिलक्षित अनेक योजनाओ को सुचारू रूप



से कार्यान्वित करने के लिए इन्हें सराहा गया।

गौरतलब है कि जीतो बेंगलूरु साऊथ चेप्टर में सदस्यता की संख्या में उल्लेखानीय बढौतरी दर्ज़ हुई है। संस्था के अथक प्रयासों और कार्यनिष्ठा के फलस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई है।

जीतो बेंगलूरु साऊथ चेप्टर की उपलब्धियों की सूची में एक और प्रशस्ति जुड गई है , जो जीतो लेडीज़ विंग साऊथ के हिस्से में आई है। ज्ञान वर्धन कार्यक्रम आयोजन और अर्थपूर्ण सामुदायिक योगदान के लिए जीतो लेडीज़ साऊथ को बेस्ट चेप्टर की मान्यता से नवाज़ा गया है। जीतो यूथ विंग को भी उनके उत्साहपूर्ण कार्ययोगदान और योजनाओ को लेकर समर्पण भाव के लिए बेस्ट यूथ विंग चेप्टर की पहचान मिली है।

यह तमाम उपलब्धी जीतो बेंगलूरु साऊथ के सभी सदस्यों के सम्मिलित प्रयासों की बदौलत हासिल हुआ है। संस्था के पदाधिकार्यों ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। जैन धर्म के सिद्धांतों पर अग्रसर होकर विविध समाज कल्याण, सामुदायिक उत्थान और स्वउद्यम विकास की परियोजनाओ को निष्ठा से आगे बढाने के लिए सदस्यों का अभिवादन किया। ज्ञातव्य है कि जैन समाज के हर तबके के लोगों के लिए जीतो सतत प्रयास कर रहा है।

जीतो के विवेध चेप्टर्स इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कटिबद्धता से भगीरथ प्रयास कर रहा है। जीतो बेंगलूरु साऊथ चेप्टर इसी उद्देश्य की पूर्ति में पूर्ण तन्मयता से कटिबद्ध है।

# स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिनकुशलसूरि जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा द्वारा गुरूवर्या सुलोचना श्री म.सा कि सुशिष्याओं कि निश्रा में श्री जिनकुशल सूरि जैन आराधना भवन बसवंगुड़ी के प्रांगण में शिल्पा बांठिया द्वारा महिलाओं को सुखद व स्वस्थ जीवन जिने के लिए प्रेरित किया।

सेमिनार में, अपनी दिनचर्या बना कर समय का उपयोग करना, नींद पूरी लेना, समय समय पर मेडिकल चेकप करवाना संबंधित जानकारी दी गई।

इस सेमिनार में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। परिषद की अध्यक्ष आरती जैन ने सभी का स्वागत करते बताया शिल्पा बांठिया पिछले 12 वर्षो से समाज मे अलग अलग विषयों पर सेमिनार के माध्यम से अपनी अमूल्य सेवाएं दे रही है। शिल्पा बांठिया का तिलक, माल्या, शॉल,व मोमेंटो से बहुमान रीता पारख,आरती जैन, पवनी बाफना, यशोदा गुलेच्छा, कांता फोफलिया द्वारा किया गया। परिषद की मंत्री रेखा चोपड़ा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया। यह जानकारी परमेश्वरी संखलेचा द्वारा दी गयी।

# चातुर्मास कराने हेतु गुरुदेव के समक्ष विनती की



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री सकल जैन संघ मंजूनाथनगर, शिवनगर की विनंती से जैन दिवाकर प्रसिद्ध वक्ता पंडित रत्न पूज्य गुरुदेव श्री चौथमलजी म. सा. के प्रपोत्र शिष्य जैन दिवाकर रत्न तरुण तपस्वी पूज्य गुरुदेव श्री विमलमुनिजी म. सा. के सुशिष्य स्वर्ण संयम आराधक, श्री वीरेन्द्रमुनि जी महाराज का सन् 2024 का चातुर्मास जैन भवन, (उत्तम अंकित विल्ला) मंजुनाथनगर संघ में घोषित हुआ है। गुरुदेव वीरेन्द्र मुनिजी म.सा. के घोषणा से मंजुनाथ नगर श्री सकल जैन संघ में हर्ष उलास की लहर दौड़ उठी। उपस्थिति में श्री सकल जैन संघ के अध्यक्ष संघवी उत्तमचन्द आच्छा, उपाध्यक्ष विनोद मेडतवाल, मंत्री राकेश दलाल, कोषाध्यक्ष रेखराज सांडबोहरा, सुरेश बाघमार, माणकचन्द धा-नेशा, राजमल बोहरा, दिनेश छाजेड, दिलख़ुश बाँठिया, हर्ष कोठारी एवं सम्पतराज कुंकुलोल, गौतमचन्द लोढ़ा,प्रवीण लोढ़ा ,आशा बाई गादिया आदि गणमान्य सदस्यों थे। यह जानकारी संघ के प्रचार प्रसार मंत्री अंकित आच्छा ने दी।

# भारतीय नृत्य तन, मन और आत्मा के शुद्धीकरण का एकमात्र मंत्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जीतो चेप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो लेडिस विंग द्वारा सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तहत डिस्कवर द आर्ट ऑफ़ गणगौर पोस्टर बनाने की कार्यशाला जीतो कार्यालय राजाजीनगर में अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हुई।

मुख्य प्रशिक्षक भाविका कोठारी ने वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से कैनवा का महत्व बताते हुए कहा कि यह एक वेब-आधारित ग्राफिक डिज़ाइन टूल है जो उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया, प्रोडक्शन्स, फ़्लायर्स और अन्य जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए डिज़ाइन बनाने में सहयोग करता है। इसके जरिए हम यूट्यूब, सोशल मीडिया समेत बड़ी कंपनियों के लिए डिजाइनिंग का काम कर सकते हैं। इस तरह ही ग्राफिक डिजाइन हमारे लिए घर बैठे जॉब का अवसर बन रही हैं। भाविका ने सीखाया कि कई



टूल्स को सीखकर इस क्षेत्र में हम अपना शानदार करिअर बना सकते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में सुष्मिता सेठिया प्रथम रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कवियित्री एवं नृत्यांगना देवा नाहटा ने अपने सफ़र के शुरुआती दौर, प्रभावित पल को साझा करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने का मंत्र गुरुओं का सम्मान करना और सुखी जीवन जीने की कला सीखना है। भारतीय नृत्य तन, मन और आत्मा के शुद्धीकरण का एकमात्र मंत्र है। इससे हम परम शांति की अनुभूति कर सकते है।

इस विशेष अवसर पर गणगौर पूजा अर्थ पर विशेष नाटिका की प्रस्तुति मोनिका एंड ग्रुप द्वारा तथा समूह नृत्य की प्रस्तुति सिंपल, शीतल ग्रुप द्वारा दी गई। गणगौर ईसर सजावट प्रतियोगिता में रुचिका सुमन पटावरी प्रथम, गणगौर वेशभूषा में सुनीता बोरंडिया प्रथम को पुरस्कृत किया गया।

प्रायोजक प्राइड बिल्डर्स का परिचय विनोद खटेड़ द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना एवं रेश्मा पुनमिया ने निर्णायक की भूमिका निभायी। मीना बडेरा, संगीता नागौरी ने व्यवस्था सँभाली। जीतो लेडिस विंग बेंगलोर साउथ अध्यक्ष सुनीता गांधी, बेंगलोर नॉर्थ मेंटर सरिता खिंवेसरा, तेरापंथ महिला मंडल राजराजेश्वरीनगर अध्यक्ष सुमन पटावरी,पुष्पा बोहरा ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक़ारिणी सदस्य सुमन सिंघवी. सुमन रांका, सूर्यकला सियाल, जयश्री जैन, संगीता बेताला, सुष्मिता सेठिया, नीता गादिया, मनीषा दोषी, रक्षा छाजेड उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष-संयोजिका मधु कटारिया, सह-संयोजिका रुचिका पटावरी ने संयुक रूप से शानदार संचालन किया। मनोरंजक प्रतियोगिता, गीत, संगीत, नृत्य आदि में सभी में भाग लिया । लगभग 130 सदस्यों की उपस्थिति रही। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला : दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

### एनआईए ने किया था गिरफ्तार

**बेंगलूरु, नई दिल्ली /शुभ लाभ ब्यूरो।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। एजेंसी ने साजिश के मास्टरमाइंड समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एनआईए के मुताबिक, मुसाविर हुसैन शाजिब और अदबुल मथीन अहमद ताहा को कोलकाता के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों यहां अपना ठिकाना बनाकर छिपे हुए थे। ठिकाने का पता लगाकर एनआईए की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को एनआईए कार्यालय से अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद वहां से दोनों को एनआईए कोर्ट लाया गया। आरोपियों को





तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा गया है। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने कहा, गुरुवार की रात हमें जानकारी मिली। हम उन सूचना के आधार पर काम करने लगे। एक संयुक्त ऑपरेशन के तहत राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसी ने सूचना मिलने के दो घंटों के भीतर ही आरोपियों को पकड़ लिया। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि शाजिब ही वह व्यक्ति है, जिसने कैफे में इम्प्रोवा-इज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखा था। इसके अलावा ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मास्टरमाइंड था। एक अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह फरार आरोपियों अब्दुल मथीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजेब को कोलकाता के पास देखा गया। यहां वे झूठी पहचान के तहत छिपे हुए थे। एनआईए को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अलावा पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल पुलिस का पूरा साथ मिला। राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल से आरोपियों को पकड़ा जा सका। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 10-10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। इससे पहले एक मार्च को बेंगलूरु के ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक आईईडी विस्फोट हुआ था। एनआईए ने तीन मार्च को जांच अपने हाथ में ली थी। मामले में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून के हाथ लंबे होते हैं। कोई उससे बच नहीं सकता। अपराधी पकड़े गए हैं।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। सैन समाज की महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को संस्कृति परंपरा को कायम रखने के लिए संदेश दिया। कार्यक्रम में शारदा चौहान, सीमा दय्या, रिंकू भाटी, कंचन राठोड़, अनु, मिताली एवं दीक्षा उपस्थित रहीं।*

## जन्म कल्याणक शोभायात्रा में

# जैन सिद्धांतों एवं तत्वों को दर्शाती हुई सुंदर झाँकियों का होगा नजारा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्मकल्याणक, जो कि आगामी 21 अप्रैल को है, महोत्सव के आयोजन में प्रभु भगवान के संदेश एवं जैन समाज की अखंडता एकता को परिलक्षित करने हेतु शोभा यात्रा में झांकियों द्वारा दर्शाने के उद्देश्य एवं इस परिकल्पना को मूर्त रूप देने हेतु शुक्रवार को झाँकी संबंधित संघ संस्था की सभा का आयोजन गोडवाड भवन में संपन्न



हुई। सभा की शुरुआत मंगलाच-रण से हुई। जैन युवा संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा ने सभा में उपस्थित संघ संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। मंत्री मदन मुणोत ने संगठन के आगामी आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी व रूप रेखा रखी। साथ ही कहा कि इस वर्ष प्रभु महावीर की विशाल शोभा यात्रा में अनेक अलग अलग जैन सिद्धांत एवं तत्व को दर्शाती हुई सुंदर झाँकियों का नजारा रहेगा। झाँकी जुलूस व्यवस्था समिति के चेयरमैन विक्रम श्रीश्रीमाल ने संघ संस्थाओं को प्रभु भगवान महावीर के सिद्धांतों को दर्शाती झाँकी का निर्माण करने का आग्रह किया। शोभायात्रा समस्त जैन समाज के मंडल के साथ टाउन हॉल से एसपी रोड, नागरथपेट, एवेन्यू रोड, आदिनाथ जैन मंदिर चिकपेट, बीवी केआयंगर रोड, हॉस्पिटल रोड, मैसूरु बैंक सर्किल, शेषाद्रि रोड होते हुए कुंडलपुर नगरी (फ्रीडम पार्क) में विशाल जन समूह में परिवर्तित होगा। सुरक्षा समिती के चेयरमैन हितेश ने इस बात से अवगत कराया कि सुरक्षा एवं शोभायात्रा संबंधित कार्य गतिमान है। इस मौके पर सहमंत्री विशाल गुगलिया, कोषाध्यक्ष मुकेश सुर-आणा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश खिवेन्सरा, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश बाबेल, पूर्व सहमंत्री रितेश मेहता, जुलुस एवं झांकी समिति के सह चेयरमैन जीतेश वाया, अभय कतरेला, सुनील महेर आदि उप-स्थित रहे।

# सीएम ने ममता सागर को वैश्विक साहित्य पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शुक्रवार को कवयित्री डॉ. ममता सागर को वैश्विक साहित्य पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।

4 से 6 अप्रैल तक नाइजीरिया के अबुजा में ग्लोबल राइटर्स यूनियन द्वारा आयोजित सातवें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक महोत्सव में ग्लोबल लिटरेरी अवार्ड प्राप्त करने वाली ममता सागर ने कावेरी में स्वर्ण पदक और पुरस्कार प्रमाण पत्र के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अंतरराष्ट्रीय मंच से आह्वान करने वाली प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. ममता सागर ने कहा कि विविधता का जश्न मनाकर नई



एकता के बारे में सोचने की जरूरत है। नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वोले सोयेनका के लिए इस साल के प्रतिष्ठित ग्लोबल कंसोर्टियम मानद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

## डीके शिवकुमार के बयानों की निंदा

# लोग तय करेंगे कि मैं प्रासंगिक हूं या नहीं: कुमारस्वामी

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जेडीएस नेता और जेडीएस-भाजपा गठबंधन से मांड्या लोकसभा उम्मीदवार एचडी कुमारस्वामी ने गुरुवार को केपी-सीसी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर जहर उगला और कहा कि लोग तय करेंगे कि वह राजनीतिक रूप से प्रासंगिक हैं या अप्रासंगिक। जिले के अरकलगुड के रामनाथपुरा में अपने भतीजे प्रज्वल रेवन्ना के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि कांग्रेस नेताओं, विशेषकर शिवकुमार की हताशा, उनके द्वारा उगादि उत्सव के सिलसिले में उनके बिदादी फार्म हाउस में आयोजित रात्रिभोज की आलोचना से स्पष्ट थी। कुमारस्वामी ने दावा किया कि शिवकुमार के सिर पर अहंकार चढ़ गया है और वह मुझसे परेशान न होने की बात करते हैं। क्या मैंने कभी उनसे मुझ पर भरोसा करने के लिए कहा है? यह राज्य के 6.5 करोड़ लोगों को तय करना है कि उन्हें मेरी जरूरत है या नहीं। शिवकुमार के इस बयान पर कि वह एक सीधे लड़ाके हैं, जेडीएस नेता ने कहा कि उन्हें इस बात की पूरी जानकारी है कि शिवकुमार एक लड़ाकू इंसान हैं। उन्होंने कहा आप (शिवकुमार) को कोतवाल रामचंद्र के अधीन प्रशिक्षित किया गया था। उनका अहंकार जल्द ही समाप्त हो जाएगा। इस आलोचना के जवाब में कि उनका परिवार आलू की खेती करके आगे बढ़ा है, कुमारस्वामी ने दावा किया कि उन्होंने कड़ी मेहनत की है और अपना फार्म हाउस स्थापित किया है। उन्होंने शिवकुमार का नाम लिए बिना कहा मैंने दूसरों या सरकार की जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया है और न ही उस पर बाड़ लगाई है। कृषि मंत्री एन चेल-ुवरयास्वामी के इस आरोप के जवाब में कि उन्होंने आदिचुंचनगिरी मठ के पुजारी श्री निर्मलानंद स्वामीजी का फोन टैप किया था, कुमारस्वामी ने कहा अगर मैंने फोन टैपिंग का सहारा लिया, तो मैंने अपनी सरकार को क्यों गिराने की



अनुमति दी। उन्हें कोई भी जांच करने दीजिये। इस आरोप पर कि उन्होंने और उनके पिता एचडी देवेगौड़ा ने आदिचुंचनगिरी मठ के खिलाफ वैकल्पिक मठ की स्थापना की थी, कुमारस्वामी ने यह कहकर जवाब दिया कि अन्य समुदायों में कई मठ हैं। हमने एक और मठ की स्थापना का समर्थन किया। लेकिन क्या यह मेरे खिलाफ राजनीतिक मुद्दा बनना चाहिए? जेडीएस नेता ने उगादि उत्सव के संबंध में भाजपा-जेडीएस के उम्मीदवारों और नेताओं के साथ आदिचुंचनगिरि मठ के पुजारी से मुलाकात की आलोचना के लिए कांग्रेस नेताओं पर हमला किया। उन्होंने कहा हां, हमने अपने स्वामीजी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद मांगा। यह गलत है? क्या कांग्रेस नेत-ाओं ने स्वामीजी से मुलाकात नहीं की? कुमारस्वामी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने 140 मठों को अनुदान स्वीकृत किया था। उन्होंने जोर देकर कहा मैं मठों की अच्छी गतिविधियों का समर्थन करता हूं और यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने अपने बयान को सही ठहराया कि राज्य में एक साल के भीतर राजनीतिक परिवर्तन होंगे। राजनीति हमेशा विकसित हो रही है और स्थिर नहीं है। बस इंतजार करें और देखें।

### अहंकार की पराकाष्ठा

कुमारस्वामी ने शिवकुमार के इस बयान को कि जेडीएस का सफाया हो जाएगा और एक भी लोकसभा सीट नहीं जीतेगी, को अहंकार की पराकाष्ठा बताया और घोषणा की कि लोग उन्हें सबक सिखाएंगे। उन्होंने हमें खत्म करने की कोशिश की। मैं पार्टी को पुनर्जीवित करने और पुनर्निर्माण करने की कोशिश कर रहा हूं। कांग्रेस के इस आरोप पर सवालों का जवाब देते हुए कि कुमारस्वामी मांड्या के लिए बाहरी व्यक्ति हैं, उन्होंने कहा मैं एक कन्नडिगा हूं। मेरा जन्म राज्य में हुआ है। अगर मैं बाहरी हूं तो सोनिया गांधी ने बल्लारी से और इंदिरा गांधी ने चिक्कमगलूरु से कैसे चुनाव लड़ा? क्या राहुल गांधी वायनाड से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं? क्या उन्हें मांड्या या किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का कोई अधिकार नहीं है। जेडीएस नेता ने आश्चर्य जताया कि क्या शिवकुमार यह भविष्यवाणी करने वाले ज्योतिषी बन गए हैं कि उनकी पार्टी एक भी सीट नहीं जीतेगी।

# प्रदेश के कई हिस्सों में अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून बारिश हो रही है और अनुमान है कि राज्य में अगले दो दिनों तक यही बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिनों तक तट और दक्षिणी अंदरूनी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी।

राज्य के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश होगी, कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी।

बारिश के आसार हैं। राज्य में अन्य जगहों पर भी सूखा जारी है। चिक्कमगलूरु, हावेरी, धारवाड़, गदग, हुब्बल्ली, विजयपुरा, कलबुर्गी, यादगिर, बीदर, रायचूर, कोडागु, शिवमोग्गा सहित कुछ स्थानों पर गुरुवार को बारिश हुई। कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाए थे और शाम और रात में बारिश का भी अनुमान है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। राजधानी बेंगलूरु समेत आसपास के जिलों में बादल छाए हुए हैं और शनिवार तक छिटपुट बारिश का अनुमान है।

## ईश्वरप्पा के लिए अभी भी समय है

# पार्टी उम्मीदवार श्रीरामुलु रिकॉर्ड अंतर से जीतेंगे लोकसभा चुनाव: विजयेन्द्र

**बल्लारी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि केएस ईश्वरप्पा के नामांकन वापस लेने का अभी भी मौका है। अभी अंतिम निर्णय न लें, अभी समय है, देखते हैं। पार्टी उम्मीदवार श्रीरामुलु के नामांकन पत्र के आधार पर बल्लारी पहुंचे बीवाई विजयेन्द्र ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केएस ईश्वरप्पा के पास अपना नामांकन वापस लेने के लिए अभी भी समय है।

उन्होंने अभी अंतिम निर्णय नहीं लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामुलु रिकॉर्ड अंतर से जीतेंगे। राज्य से 30 मंत्रियों को लाने के बावजूद, बल्लारी में भाजपा की जीत निश्चित थी। उन्होंने विश्वास जताया कि येदियुरप्पा और अन्य नेता प्रचार के लिए बल्लारी आएंगे। महत्वपूर्ण लिंगायत नेताओं की बैठक पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा मैंने लिंगायत नेताओं की कोई बैठक



नहीं की है।

बस थोड़ी देर बात हुई। आगामी दिनों में बुद्धिजीवियों की बैठक बुलाई गई है। विधानसभा चुनाव में हार की कई वजहें हैं। यह चर्चा उस बारे में नहीं होगी। उन्होंने नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए सबकुछ भूलकर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मीडिया के इस सवाल कि यह चुनाव विजयेंद्र बनाम सिद्धरामैया है, के जवाब में उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है, हमें नई बहस की इजाजत नहीं देनी चाहिए। हमारा लक्ष्य है कि बीजेपी-जेडीएस गठबंधन सभी 28 सीटों पर जीत हासिल करे। उन्होंने कहा हम उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। गांधीनगर में यूनिवर्सिटी एसोसिएशन ऑफ बल्लारी पहुंचे बी.वाई. विजयेंद्र ने संघ सदस्य से कुछ देर चर्चा की। पिछले चुनाव में बीजेपी को बल्लारी जिले में 5 सीटों का नुकसान हुआ था। लिंगायत वोटों के नुकसान के कारण बीजेपी की हार हुई। ऐसे में कहा जा रहा है कि बल्लारी-विजयनगर जिले के अहम लिंगायत नेताओं की बैठक हुई है।

# कांग्रेसियों को देश की सुरक्षा और नागरिक समाज की परवाह नहीं : अश्वथ नारायण

### कांग्रेसी तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अश्वथ नारायण ने आपत्ति जताई कि कांग्रेस पार्टी और मंत्रियों को देश की सुरक्षा और नागरिक समाज की कोई परवाह नहीं है। भाजपा चुनाव मीडिया सेंटर में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेसी तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आलोचना की कि छेड़खानी उनकी विशेषता है। भाजपा के आग्रह के बाद कई दिनों बाद रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट का मामला एनआईए को सौंपा गया। उन्होंने यह दिखाने की कोशिश की कि विस्फोट से



भाजपा का संबंध है। एनआईए ने उस बात का स्पष्टीकरण दिया जिसे सबूत माना गया। कांग्रेसी हर कदम पर जांच से बचने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने शिकायत की कि डीके रवि के मामले से लेकर रामेश्वरम कैफे मामले तक, शुरुआत में फैसला उन्होंने ही किया था। यह उद्योगों के बीच नफरत की घटना नहीं है। आरोपियों के आईएसआईएस और आतंकवादी संगठनों से संबंध होने की जानकारी है। यह भी पता चला है कि आरोपियों ने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज पश्चिम बंगाल में तैयार किये थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने कर्नाटक और बेंगलूरु को आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र बना दिया है। वे ऐसे लोगों को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रहने की अनुमति दे रहे हैं जहां भारत संघ सत्ता में है। वे विभिन्न दस्तावेज भी बना रहे हैं। अगर ऐसा है तो उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, डीसीएम शिवकुमार और गृह मंत्री बताएं कि राज्य की सुरक्षा के लिए आपकी क्या जिम्मेदारी है। गिरफ्तार आरोपी 2020 के आतंकी मामले में वांछित था। कांग्रेस गंभीर मामलों में संलिप्त अपराधियों को लुभा रही है। उन्होंने संदिग्धों को निर्दोष बताने के लिए डीके शिवकुमार की आलोचना की। 1 मार्च को बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले ने बेंगलूरु को शर्मसार कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा था कि यह बिजनेस से जुड़ा विस्फोट था। गृत मंत्री ने कहा था कि इसे बम और आतंकवाद से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले साल जब मेंगलूरु कुकर बम विस्फोट हुआ था, तब भी कांग्रेसी कह रहे थे कि वे सभी निर्दोष हैं।

## अटकलों पर विराम लगाया

# ईश्वरप्पा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र किया दाखिल




**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।**

अपनी उम्मीदवारी के बारे में अटकलों को समाप्त करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री और अनुभवी भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में शिवमोग्गा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। वह चिलचिलाती गर्मी सहते हुए हजारों समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में रमन्ना श्रेष्ठी पार्क से उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। रामन्ना श्रेष्ठी पार्क से शुरू हुआ जुलूस शहर की मुख्य सड़कों से गुजरने के बाद उपायुक्त कार्यालय पर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान ईश्वरप्पा के समर्थक प्रमुख रूप से भगवा झंडे लहराते दिखे। उन्होंने उत्साहपूर्वक जय श्री राम, भारत माता की जय और राष्ट्रभक्त बलागा उम्मीदवार केएस ईश्वरप्पा जैसे नारे लगाए। रास्ते भर समर्थकों ने अपने नेता पर फूलों की वर्षा की, जिसमें महिला समर्थकों की संख्या पुरुषों से अधिक थी। जुलूस में भाग लेने वालों को गर्मी से राहत के लिए छाछ उपलब्ध कराई गई। गांधी बाजार पहुंचने पर विभिन्न समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेत-ाओं ने ईश्वरप्पा को माला पहनाई और उन्हें समर्थन देकर अपनी एकजुटता व्यक्त की। जुलूस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वेशभूषा में खुले वाहन से भीड़ की ओर हाथ हिला रहे एक व्यक्ति ने दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके बाद, ईश्वरप्पा अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी, पूर्व मंत्री गूलीहट्टी शेखर, लिंगायत समुदाय के नेता महालिंग शास्त्री और एक पूर्व नगरसेवक के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी गुरुदत्त हेगड़े को नामांकन पत्र सौंपा। शहर के टी सीनप्पा शेट्टी सर्कल में अपने समर्थकों से बात करते हुए, ईश्वरप्पा ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर भद्रावती और जिले के अन्य हिस्सों से उनके समर्थकों को परिवहन के लिए किराए की बसों की व्यवस्था करने में विफल रहने से रोकने का आरोप लगाया। इसके बावजूद, उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों समर्थक सफलतापूर्वक एकत्र हुए थे। अपनी संभावनाओं के प्रति आश्वस्त ईश्वरप्पा ने घोषणा की कि मैं शिवमोग्गा सीट जीतने को लेकर आश्वस्त हूं। भाजपा और कांग्रेस दोनों को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उनका मुकाबला केवल एक सांसद के रूप में सीट सुरक्षित करने के लिए नहीं है, बल्कि भाजपा को एक परिवार के प्रभाव से मुक्त कराना भी है। ईश्वरप्पा ने लोकसभा चुनाव के बाद दो परिणामों की भविष्यवाणी की। सबसे पहले, निवर्तमान सांसद राघवेंद्र अपनी सीट खो देंगे, और दूसरे, राज्य भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र अपने पद से हट जाएंगे। उन्होंने पार्टी के भीतर एक ही परिवार के प्रभुत्व के कारण लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं में असंतोष को उजागर किया और जोर देकर कहा कि उनका अभियान अन्याय के खिलाफ एक स्टैंड है। उन्होंने कहा कि उन्हें 19 अप्रैल को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर अपना प्रतीक पता चल जाएगा। उन्होंने अपने समर्थकों से मतदान प्रक्रिया के दौरान 7 मई को उस विशिष्ट बटन को दबाने का आग्रह किया।

# भाजपा को 400 से अधिक सीटें जीतने का विश्वास: प्रताप सिम्हा नाइक

### इंडी यूनियन प्रतिस्पर्धा पर उतर आई है

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विधान परिषद सदस्य प्रताप सिम्हा नाइक ने कहा कि देश की एकता, सुरक्षा, सर्वांगीण विकास कार्यों और किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर जनता एनडीए के 400 से अधिक लोकसभा सदस्यों की जीत सुनिश्चित करेगी। यहां भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसके मुताबिक नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे। एक तरफ कांग्रेस 200 सीटों पर चुनाव लड़कर सरकार बनाने का सपना देख रही है। लोगों की कल्पना और आकांक्षा को कोई प्रोत्साहन न देने वाली इंडी यूनियन प्रतिस्पर्धा पर उतर आई है। दूसरी तरफ बीजेपी-एनडीए गठबंधन है जिसने 10 साल में चौतरफा विकास किया है।

उन्होंने कहा कि इस बार बीजेपी की सबसे ज्यादा सीटों के साथ जीत तय है। 2014-24 तक नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से हुए बदलावों के माध्यम से जनता का समर्थन मिल रहा है। बदले हुए भव्य भारत को देखने का हमारा सपना साकार हुआ है। हमारी इच्छा थी कि कश्मीर में धारा 370 हटे, अयोध्या में श्री राम मंदिर बने, समान नागरिक संहिता लागू हो, देश की सीमाएँ सुरक्षित हों, देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन हो। वे सभी पूरे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कई दशकों से हम सभी का सपना था कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामप्रसाद मुखर्जी के लक्ष्यों को साकार करने, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर देश बनाने और लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए केंद्र में भाजपा की



सरकार आए। एक तरफ संदेह था कि हमारा सपना पूरा होगा या नहीं। 2014 तक, राजनीतिक व्यवस्था में विश्वास खत्म हो गया था। अब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए सरकार ने दुनिया को दिखाया है कि देश पर शासन कैसे किया जाना चाहिए। भारत के पंखों में ताकत आ गई है। उन्होंने विश्लेषण किया कि भारत दशकों से वैश्विक स्तर पर और सभी क्षेत्रों में बढ़ रहा है। मोदी की सरकार ने दिखा दिया है कि स्थिर बहुमत की सरकार देश के लिए कितनी जरूरी है। इसने कड़े फैसले लिए हैं। यह दिखाया गया है कि कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। पिछली सरकारों की प्रशासनिक विफलता के कारण यह आतंकवादियों की शरणस्थली बन गया था। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के बाद कश्मीर आजादी से सांस ले सकेगा। सड़कों पर पत्थरबाजी और आतंकवाद खत्म होने से कश्मीर का माहौल बदल गया है।

### देश में चमत्कारिक परिवर्तन लाया

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2024 तक रिकॉर्ड 2 करोड़ पर्यटक कश्मीर आए हैं। एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी जैसे दूरदर्शी प्रधानमंत्री के साथ ही संभव है।

उन्होंने कहा कि वहां हर घर में राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा है। राम मंदिर एक राष्ट्रीय मंदिर है। नरेंद्र मोदी ने नास्तिकों के मुंह में राम के अस्तित्व को लेकर राम का जाप करा दिया है। 500 वर्षों के संघर्ष के फलस्वरूप तंबू में विराजमान रामलला भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। भाजपा सरकार ने देश में चमत्कारिक परिवर्तन लाया है। मोदी के प्रशासन ने गरीबों को देश की समग्र आर्थिक व्यवस्था में एकीकृत किया है और समाज में योगदान दिया है। भारत यूं ही 11वें स्थान से आकर दुनिया की 5वीं आर्थिक शक्ति नहीं बन गया। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं।

हेल्थ

# जाने आईलाइनर लगाने का सही तरीका



चेहरे की खूबसूरत दिखाने के लिए लड़किया शादी, पार्टीज में मेकअप करती है। मेकअप के दौरान ज्यादातर आंखो की सुंदरता पर अधिक फोकस किया जाता है। आखों को खूबसूरती के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल किया जाता है।


यदि आखों पर आईलाइनर बिल्कुल सही तरीके से लगाया जाए तो आप बेहद ही खूबसूरत दिखते है। लेकिन क्या आप जानते है कि आंखो पर आईलाइनर सही तरीके से ना लगा हो तो न केवल मेकअप खराब होता है बल्कि आंखो के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### 1. क्लासिक आंखों के लिये




ऊपर वाली पलक के सेंटर से लाइनर लगाना शुरु करें और ब्रश को धीरे-धीरे आंख के कॉर्नर तक ले जाएं। सेंटर से पतली लाइन लगाएं जिसे कोने पर चौड़ा कर लें। पलक की लाइन और आई लाइनर से बनाई लाइन को अच्छी तरह भर लें।

### 2. स्मोकी आंखों के लिये



इस तरह की आंखों वाली महिलाएं भी पलक के सेंटर से लाइनर लगाना शुरु करें लेकिन इस सेंटर से आंखों के अंदररूनी कोने तक पलती लाइन खींचे। अब सेंटर से थोड़ी मोटी लाइन बाहरी कोने तक खींचे और गैप अच्छी तरह से भर लें। इसके बाद बाहरी कोने से आई लाइनर ब्रश से पतली लाइन नीचे वाले पलक के सेंटर तक भी लगाएं।

### 3. बिल्लौरी आंखों के लिये



ऊपरी पलक के बीच में लाइनर लगाना शुरु करें और लाइनर को घुमाते हुए कनपटी की तरफ लेकर जाएं। अब पलक की लाइन और लाइनर से खींची लाइन के बीच का गैप भर लें। सत्तर के दशक की हिरोइंस इसी तरह से आई लाइनर लगाती थीं।

## ऐसे खरीदें गर्मियों के कपड़े

अगर आपने अभी तक गर्मी के कपड़ों की शॉपिंग नहीं की है तो हो न हो आने वाले कुछ दिनों में आप खरीदारी करने का प्लान कर रहे होंगे। गर्मियों के कपड़े खरीदते समय कुछ बातों का ख्याल जरूर रखना चाहिए। तो, अगर आप खरीदारी का मूड बना रहे हैं तो इस दौरान इन बातों का विशेष ख्याल रखें।

» गर्मियों में कोशिश करें कि हल्के रंग के कपड़े ही चुनें। इससे आपको तो राहत महसूस होगी ही साथ ही आपके आस-पास मौजूद लोगों की भी आंखों में यह चुभेगा नहीं। » गर्मियों में ज्यादातर कपड़े कॉटन के ही खरीदें। कॉटन पसीने को सोखने में सक्षम होता है साथ ही हल्का होने की वजह से यह आरामदायक भी होता है। » बहुत फीटिंग के कपड़े खरीदने से बचें। गर्मियों में कोशिश करें कि हल्के ढीले कपड़े ही पहनें। » बहुत कढ़ाई या स्टोन वर्क वाले कपड़े पहनने से बचें। गर्मियों के लिहाज से ऐसे कपड़े आरामदायक नहीं होते हैं।

# बिना एसी के भी ठंडा बना रहेगा आपका घर



गर्मी के मौसम में जरूरी है घर को ठंडा बनाए रखना। घर ठंडा होने से गर्मियों से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स से बचा जा सकता है। यह सही समय है, जब आपको जरूरत है घर का मेकओवर करने की, उसे मौसम के अनुकूल बनाने की। हल्के रंगों के प्रयोग से लेकर, फर्नीचर को सही जगह रखने जैसे कुछ आसान उपाय हैं, जिनकी मदद से आप अपने घर को गर्मियों के लिए तैयार कर सकती हैं =

### डिजीटल प्रिंट की बेडशीट-पर्दे

समर सीजन में कॉटन की बेड-शीट्स अच्छी लगती हैं। कॉटन की बेडशीट को आसानी से वॉश किया जा सकता है। इसमें डिजीटल और फ्लोरल प्रिंट ज्यादा चल रहे हैं। ये आपको 3 डी प्रिंट्स में भी मिल जाएंगी। बेडशीट खरीदते वक्त यह ध्यान रखें कि इसकी लंबाई और चौड़ाई इतनी होनी चाहिए कि इसे मैट्रस के अंदर मोड़ना आसान हो। कमरों में लाइट कलर के पर्दे लगाएं। हल्के रंग के पर्दे धूप से बचाते हैं। आप अपने कमरे में जितने लाइट कलर के पर्दे लगाएंगी, उतना ही आपका कमरा ठंडा होगा। कमरे में लाइट कलर के पिलो और बेडशीट का इस्तेमाल करें। यह देखने में भी अच्छे लगते हैं।

### डेकोरेशन में ग्रीन कलर

घर के वातावरण को पॉजिटिव बनाने के लिए डेकोरेशन में हरे कलर को प्राथमिकता दी जाती है या तो सजावट की चीजों में ग्रीन कलर का यूज किया जाता है। आप एनवायरनमेंट फ्रेंडली इंडोर प्लांट्स रखकर घर के वातावरण और वायु को फ्रेश रख सकती हैं। घर में पर्याप्त ऑक्सीजन और ताजी हवा के लिए घर के अंदर हरे पौधे लगाएं। अगर आपके घर में बालकनी है, तो उसे कवर करने के बजाय खुला रखें और वहां अपने मनपसंद फूलों वाले पौधे लगाएं। इससे घर का वातावरण हेल्दी रहेगा।

### छत पर करें पानी का छिड़काव

घर को ठंडा रखने के लिए सुबह- शाम दोनों टाइम घर की छत पर पानी का छिड़काव करें। इससे घर की दीवारों का टेंपरेचर कम होगा।

### रंग-बिरंगे फूल और हरी पत्तियों वाली सीनरीज

रंग-बिरंगे फूल, हरी पत्तियों वाली सीनरीज कमरे में लगाएं। इससे ठंडक का अहसास होगा। घर में ठंडक बनाए रखने के लिए कमरे में बिछे कालीन को हटा दें। इससे फर्श ठंडा रहेगा। गर्मी के दिनों में ठंडे फर्श पर नंगे पैर चलने से ठंडक महसूस होती है।

### हर्बल गार्डन और ग्रीन स्पेस

इको फ्रेंडली घर में हर्बल गार्डन और ग्रीन स्पेस की सुविधा भी रहती है। यह घर आपकी जेब के आधार पर मुफीद होते हैं। घर के अंदर मौजूद नेगेटिव एनर्जी निकालने के लिए इंडोर पौधे लगाएं। अपनी सुविधा के अनुसार कुछ खास पौधों को लगाकर आप अपने घर को बेहतर बना सकती हैं। एरेका पाल्म, लेडी पाल्म, बैंबू पाल्म, डरेकेना जैनेट क्रैग, इंग्लिश इवी, पीस लिली जैसे पौधे लगाने से आपके घर के अंदर का पॉल्यूशन खत्म हो जाएगा और पॉजिटिव एनर्जी का संचार होगा।

### अपहोल्स्ट्री बदलें

गर्मियों में डार्क कलर्स की जगह पेस्टल रंग और फूलों वाले नेचरल प्रिंट्स सुखद अहसास देते हैं। अपने कमरे को गर्मियों के लिए तैयार करने के लिए कमरे को हल्के रंगों और ठंडक भरे प्रिंट्स वाली अपहोल्स्ट्री और कुशन कवर्स से सजाएं।

### फर्नीचर को सही जगह रखें

मौसम के अनुरूप अपने फर्नीचर को भी सही जगह रखना जरूरी है। सर्दियों में जहां गुनगुनी धूप का अहसास सुखद होता है, वहीं गर्मियों में अपने फर्नीचर को ऐसी जगह रखना जरूरी हैं जहां सीधी धूप न पड़े। लो हाईट फर्नीचर, फ्लोर कुशन्स गर्मियों में बैठने के लिए अच्छा विकल्प हैं।

### इको फ्रेंडली घर

इको फ्रेंडली घरों को इस तरह तैयार किया जाता है कि अधिक से अधिक रोशनी और हवा घर में आ सके। अगर आप भी इकोफ्रेंडली घर बनाने की सोच रही हैं, तो इसमें रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, सोलर वॉटर हीटिंग सिस्टम, सीवेज ट्रीटमेंट प्लान आदि तरीकों पर भी फोकस कर सकती हैं।

इकोफ्रेंडली घर केवल पैसे की बचत ही नहीं करते हैं बल्कि घर को नेचरल ब्यूटी भी देते हैं। खास बात ये कि इस तरीके से घर बनाने में घर को बनाने की लागत 25 फीसदी तक कम हो जाती है। यही नहीं, इको फ्रेंडली घर बनाने में समय भी बेहद कम लगता है। एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, इस तरह के घरों से ग्रीन हाउस गैसों को 40 फीसदी तक कम किया जा सकता है और गर्मियों में ये कूल बने रहते हैं।

### रोशनी और हवादार घर

घर को खुला रखें। घर जितना टाइट रहेगा, उतनी ज्यादा आपको गर्मी लगेगी। ऐसी कंपनी के रंग का चुनाव करें, जिस में सीसा और वीओसी हो ही न। वीओसी में फौर्मैलडिहाइड और ऐसिटैलडिहाइड जैसे खतरनाक केमिकल्स होते हैं, जो सांस नली को प्रभावित करते हैं।

सुझाव

# खाने के तुरंत बाद पानी पीने के नुकसान



पानी हमारे शरीर के लिए अमृत के समान है। यह कई रोगों को दूर रखने की क्षमता रखता है। यूं तो आप दिन में जितना पानी पीएं आपके लिए उतना ही अच्छा है क्योंकि यह शरीर के विषैले टॉक्सिन को मूत्र द्वारा बाहर निकालती है, जिससे आप सेहतमंद रहते हैं लेकिन खाना खाते समय पानी पीते रहना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं बल्कि हानिकारक है। यह सीधा आपकी पाचन क्रिया पर असर करता है। कम से कम खाना खाने के 45 मिनट के अंतराल के बाद पानी पीएं।

**पाचन क्रिया की गड़बड़ी:** खाना पचने में ज्यादा समय लेता है, जिससे पेट दर्द, पेट खराब और गैस की प्रॉब्लम हो सकती है।

**कब्ज:** खाने के दौरान पानी पीने से खाना ठीक से पचता नहीं है। इससे कब्ज की प्रॉब्लम हो सकती है।

**पोषक तत्वों की कमी:** खाने में मौजूद पोषक तत्वों को हमारा शरीर ठीक से अवशोषित नहीं कर पाता, जिससे बॉडी में न्यूट्रिंएंट्स का संतुलन बिगड़ सकता है।

**वजन बढ़ना:** भोजन के साथ पानी पीने से शरीर में मेटाबॉलिज्म का स्तर धीमा हो जाता है। बॉडी पर्याप्त कैलोरी खर्च नहीं कर पाती और वजन बढ़ने लगता है।

**यूरिक एसिड :** बॉडी में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ता है। इससे क़िडनी और हार्ट डिजीज की प्रॉब्लम हो सकती है।

**डायबिटीज:** खाने के दौरान पानी पीने से वजन तो बढ़ता है। साथ ही टाइप-2 डायबिटीज की आशंका भी बढ़ जाती है।

**एसिडिटी:** खाने के दौरान पानी पीने से पेट में एसिड की मात्रा बढ़ती जाती है। इससे एसिडिटी हो सकती है।

**याद रखें ये बातें :** अगर आप खाने के साथ अन्य कोई पेय पदार्थ जैस कोल्ड ड्रिंक य दूध लेते हैं तो यह भी आपके पाचन शक्ति के लिए ठीक नहीं हैं क्योंकि खाना खाने के साथ यह पेय पदार्थ भी कुछ हद तक पानी के जैसा ही काम करते हैं।



# दुनिया का सबसे बड़ा किलों का शहर है मांडू



इंदौर से लगभग 90 किलोमीटर दूर ऐतिहासिक पर्यटक स्थल हैं मांडू जिसे खुशियों का शहर भी कहा जाता है। दसवीं शताब्दी में मांडू मालवा के परमार राजाओं की राजधानी हुआ करता थी। लगभग 13वीं शताब्दी तक उस पर मालवा के सुल्तान का शासन रहा। तब इसका नाम शादियाबाद रखा गया। मांडू विंध्य पहाड़ियों से लगभग 592 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह दुनिया का सबसे बड़ा किलों का शहर है। किलों ने चारों तरफ से इस शहर को घेर रखा है। यहां की दीवारें आज भी वैसी ही लगती हैं, जैसी 300 साल पहले लगती थीं। यहां पर आप आम, इमली और बरगद के सैंकड़ों पेड़ देख सकते हैं। बारिश के बाद मांडू की खूबसूरती और हरियाली बढ़ जाती है। यहां की हरियाली ऐसी लगती है जैसे चारों तरफ पन्ना रत्न बिखरा हुआ हो।

मांडू की बेहतरीन वास्तुकला देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। यहां की छोटी-छोटी पहाड़ियों पर बने खूबसूरत किले हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। हालांकि समय के साथ ये किले टूट-फूट गए हैं पर इसका आकर्षण अभी भी है। मांडू की खूबसूरती में शांति के साथ-साथ एक प्रेम कथा भी छिपी है। कहा जाता है कि राजा बाज बहादुर अपनी प्रेमिका यानी रूपमती को बेहद प्यार करते थे, जो बेहद ही खूबसूरत राजपूताना राजकुमारी थी। एक दिन जंगलों से गुजरते हुए राजा बाज बहादुर ने रूपमती का गाना सुना और फिर वह उनसे बेहद प्यार करने लगे। राजा ने उनके लिए कई महल भी बनवाए। पर दोनों को मुगलों ने बंदी बना लिया। रानी रूपमती को मुगल सेनापति के मनोरंजन के लिए रखा गया मगर उसके छूने से पहले ही रानी ने आत्महत्या कर ली।

मांडू की खोज राजा भोज ने दसवीं शताब्दी में की थी। लगभग 14वीं शताब्दी में यहां के शासक अफगान के राजा बने थे। मांडू की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बने किले की खोज भी 10वीं शताब्दी में हुई थीं। 15वीं शताब्दी में जब यहां मालवा का शासन शुरू हुआ, तब बहुत सारे महल बनवाए गए जैसे जहाज महल, हिंडोला महल और रूपमती मंडप। मांडू का इतिहास वृहद साम्राज्य की कहानी कहता है। अफगान शासक, मालवा, मोहम्मद शाह, मुगल और फिर अंत में मराठों ने इस पर राज्य किया। 1732 में यह मराठों के हाथ में चला गया। बाद में मराठों ने मांडू को जर्जर हालत में छोड़ पड़ोसी धार में अपनी राजधानी बनाई।

मांडू में देखने के लिए बहुत कुछ है जैसे जामा मस्जिद, जहाज महल, हिंडोला महल, नीलकंठ मंदिर, रेखा कुंड, रानी रूपमती महल और होशंग शाह का मकबरा।

होशंग शाह का मकबरा संगमरमर से बनाया गया है और इसमें अफगान वास्तुकला की खूबसूरत झलक है। शाहजहां ने अपने चार कारीगर भेजे थे इस मकबरे को देखने की लिए ताकि वह भी ताजमहल के अंदर ऐसा ही मकबरा बना सकें। जामा मस्जिद मांडू के मुख्य आकर्षणों में से एक है। यह मस्जिद अफगान वास्तुकला के बेहतर उदाहरण में से एक है। इस मस्जिद को कोई भी व्यक्ति देखता ही रह जाता है। इसका बड़ा आंगन और भव्य प्रवेश द्वार लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है।

जहाज महल को सुल्तान गियासउद्दीन खिलजी ने बनवाया था। यह महल देखने में बिलकुल ऐसा लगता है मानो कोई जहाज पानी में तैर रहा हो। दो झीलों के बीच बना यह सुंदर महल सभी को चकित कर देता है। हिंडोला महल की दीवार एक तरफ से झुकी होने के कारण यह महल बिल्कुल एक झूले की तरह प्रतीत होता है। पर अब यह महल बरबादी के कगार पर है। जबकि यह मालवा के राजाओं का महल हुआ करता था।

रेखा कुंड मांडू के लिए एक खास झील है। यह झील नर्मदा नदी के पानी से भरी है। कहा जाता है कि रानी रूपमती इस शर्त पर बाज बहादुर से शादी के लिए तैयार हुई थीं कि वह नर्मदा नदी का पानी मांडू जरूर लाएंगे और रेखा कुंड इस शर्त को पूरा करता है। रूपमती महल रेखा कुंड के किनारे बनवाया गया था। यह महल बाज बहादुर ने अपनी रानी रूपमती के लिए बनवाया था। इसी महल में रानी नर्मदा नदी का खूबसूरत नजारा देखती थीं। मांडू से 35 किलोमीटर की दूरी पर धार शहर है। यह परमार राजाओं की राजधानी हुआ करता था। बाद में इस पर मुसिलम शासकों का शासन शुरू हो गया। यहां के स्मारक में हिंदू, अफगान और मुगल वास्तुकला की झलक देखने को मिलती है।

यहां का मौसम साल भर अच्छा रहता है। सर्दी हो या गर्मी, मांडू हर मौसम में आकर्षक लगता है। मांडू जाने के लिए आप रेल, हवाई या सड़क मार्ग से जा सकते हैं।

रेसिपी

## पनीर दो प्याजा



### सामग्री

250 ग्राम पनीर, 1 बड़ा चम्मच तेल, 1 बड़ा चम्मच जीरा, 2 प्याज बारीक कटा हुए, 1 बड़ा चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, 1 चम्मच लाल शिमला मिर्च, 1 चम्मच हल्दी, 1 चम्मच धनिया पाउडर, नमक स्वादानुसार, टमाटर बारीक कटे हुए, 3 चम्मच क्रीम, 2 चम्मच मक्खन , 2 सूखी लाल मिर्च ,2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, थोड़ी सा टमॉटो सॉस

### विधि

एक पैन में तेल गर्म करें और अब उसमें जीरा और प्याज डालकर अच्छे से सुनहरे होने तक भूनें। फिर अदरक और लहसुन का पेस्ट डालकर 2 मिनट के लिए पकाएं। अब इसमें नमक, हल्दी, लाल शिमला मिर्च, धनिया पाउडर और हरी मिर्च डालकर अच्छे से हिलाएं। फिर टमाटर डालकर और थोड़ा पानी डालकर 2 मिनट के लिए पकने दें।जब इसमें से घी निकलने लगे तो आंच धीमी कर दें। फिर क्रीम डालकर इसे हिलाएं और इसमें पानी डाले और 2 मिनट के लिए चलाते रहे। फिर इसमें पनीर डालकर और सॉस डालकर अच्छे से मिला लें। इसको 5 मिनट के लिए धीमी आंच पर पकाएं। धनिए के साथ गार्निश करके इसे सर्व करें।

## तवा पुलाव



### सम्रागी

500 ग्राम चावल (उबले हुए), 4 टमाटर (बारीक कटे हुए), 2 उबले आलू (कटे हुए), 2 प्याज (बारीक कटा हुआ), 50 ग्राम हरी मटर, 1 शिमला मिर्च (बारीक कटा हुआ), 1 बड़ा चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट,1 छोटा चम्मच जीरा, 4 बड़े चम्मच तेल, 1/3 हरा धनिया (बारीक कटा हुआ), 2 छोटे चम्मच पाव भाजी मसाला,1/2 छोटा चम्मच हल्दी, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च,1/2 छोटा चम्मच गरम मसाला, नमक स्वादनुसार

### विधि

सबसे पहले एक बड़े तवे में तेल गरम करें। उसके बाद इसमें जीरा और प्याज डाल कर इसे अच्छी तरह भूनें। प्याज के लाल होने के बाद अदरक लहसुन का पेस्ट भी डाल दें। मिश्रण को 1 से 2 मिनट के लिए चलाएं। अब इसमें मटर और शिमला मिर्च डाल कर इस दोबारा भूनें। इसके बाद इसमें टामटर डाल कर मिश्रण को अच्छी तरह 2-3 मिनट के लिए पकाएं। अब इसमें लाल मिर्च, हल्दी और आलू डालकर इसे 2 से 3 मिनट के लिए और पकाएं। अब पाव भाजी मसाला डाल कर 2 मिनट के लिए ढक्कन से ढांक दें। इसके बाद इसमें चावल और नमक डालकर पूरे मिश्रण को अच्छी से मिला लें। आखिरी में गरम मसाला और हरा धनिया डाल कर चावल को 2 से 3 मिनट के लिए पकने दें ताकि गरम मसाला का टेस्ट चावल में अच्छी तरह आ जाए। आपका गरमा गरम तवा पुलाव तैयार है।

